हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

[राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव]

दिनभर बारिश से जनजीवन प्रभावित, बाजार रहा सूना, आज से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ गंभीर चक्रवाती तूफान अर्नब मंगलवार देर रात करीब साढ़े तीन बजे आंध्रप्रदेश के तटीय इलाकों से पूरी तीव्रता के साथ टकरा गया। तटवर्ती क्षेत्रों में भूस्खलन और भारी तबाही मचाने के बाद इस मौसमी तंत्र का सीधा प्रभाव समूचे प्रदेश सहित अंचलभर में साफत तौर पर दर्ज किया गया। जिले में सुबह से ही आसमान में घने काले बादलों का डेरा जम गया था और दोपहर ढलते-ढलते रिमझिम फुहारों के साथ शुरू हुई बारिश ने धीरे-धीरे पूरे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। सर्द हवाओं और लगातार पानी बरसने के कारण अधिकतम और न्यूनतम तापमान में अचानक भारी गिरावट दर्ज की गई। जिससे फिजा में समय से पहले हल्की ठंडक घुल गई है और दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो गई। दीपावली के ऐन पहले बदले इस मौसमी मिजाज ने सबसे बड़ा झटका स्थानीय व्यापार और बाजारों को दिया है। रोशनी के महापर्व की तैयारियों को लेकर पिछले तीन दिनों से मुख्य बाजारों, कपड़ा दुकानों, सजावटी सामान और सराफा प्रतिष्ठानों में जबर्दस्त चहल-पहल और भारी रौनक दिखाई दे रही थी। व्यापारी आगामी त्यौहार के मद्देनजर बड़े कारोबार की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन बुधवार को दोपहर बाद शुरू हुई लगातार बारिश ने सारे उत्साह पर पानी फेर दिया। सड़कों पर जलभराव और सर्द हवाओं के चलते खरीदार घरों में ही दुबके रहे। जिससे देर शाम तक गुलजार रहने वाले व्यापारिक केंद्र में भी रौनक फीकी नजर आई।

अर्नब तूफान का असर, आज भी सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित, हल्की बारिश की संभावना

तीनों जिलों में अलर्ट नहीं

मौसम केंद्र द्वारा जारी किए गए पूर्वानुमान के अनुसार चक्रवात के आगे बढ़कर कमजोर पड़ने के साथ ही अब अंचल पर मंडरा रहा भारी वर्षा का खतरा टल चुका है। मौसम वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी तथा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिलों के लिए अब किसी भी प्रकार का अलर्ट प्रभावी नहीं है।



स्कूलों में आज भी अवकाश

इधर तूफान के असर को देखते हुए जहां मंगलवार को स्थानीय स्तर पर आदेश जारी कर राजनांदगांव एवं मोहला-मानपुर-चौकी जिले की समस्त स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया था। वहीं बुधवार को प्रदेश सरकार की तरफ से आदेश जारी करते कल गुरुवार को भी सभी स्कूलों में अवकाश की घोषणा कर दी गई है। ऐसे में स्कूलों में अर्नब तूफान के चलते दो दिनों का अवकाश हो गया है।

खेती में भी दिखा असर


दूसरी ओर तेज हवाओं के साथ हुई बारिश का प्रभाव कृषि क्षेत्र पर भी देखा गया। खेतों में तैयार खड़ी धान की पकी फसलों को तेज हवाओं के झोंकों से मामूली नुकसान की सूचनाएं मिली है। हालांकि विभाग की पूर्व चेतावनियों के चलते अधिकांश किसानों ने पहले से ही एहतियाती प्रबंध कर रखे थे। खलिहानों में रखे अनाज और कटाई के बाद छोड़े गए फसलों के ढेरों को तिरपाल से ढंककर सुरक्षित कर लिया गया था। जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। आसमान अब धीरे-धीरे साफ होने की ओर अग्रसर है। जिससे आम जनता और किसानों ने चैन की सांस ली है।

खबर संक्षेप

तंत्र-मंत्र के बहाने झांसा देकर ठगी, छेड़छाड़

राजनांदगांव। तंत्र-मंत्र के बहाने से रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने एवं पीड़िता से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दर्ज अपराध के आरोपीगणों द्वारा पैसों की बारिश करने एवं रकम दोगुना करने के नाम पर ठगी करने के उद्देश्य से पीड़ता को ग्राम बैगाटोला थाना बोरतलाव आरोपी राधेलाल उईके ने अपने घर पर बुलाने पर पीड़ता अपने परिचितों के साथ पहुंची थी, जहां आरोपी द्वारा बरनाराकला ग्राम के आरोपी तन्ने खान को बुलवाया गया, तन्ने द्वारा पीड़िता को दूसरे कमरे में ले जाकर 10,000 रुपए को दोगुना करने के लिए अपने पास ले लिया और कहा कि अगर तुम पर देवी आती है, तभी रकम दोगुना हो पाएगा। देवी लाने के लिए तुम्हे मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाना पड़ेगा, कहकर पीड़िता का हाथ पकड़कर छेड़खानी करने लगा, पीड़िता द्वारा विरोध करने पर आरोपी तन्ने खान अपने साथी आरोपी राधेलाल उईके के साथ घटनास्थल से फरार हो गया। पीड़िता द्वारा थाना आकर घटना के संबंध में आवेदन पेश करने पर थाना बोरतलाव पुलिस द्वारा उक्त मामले में एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते तत्काल आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और पीड़िता से ठगी किए 10,000 रुपए को आरोपी से बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपियों को जेल दाखिल किया गया।

माए एंगल



खरीदी शुरू होने से पहले ही आने लगा महाराष्ट्र से धान, 231 कट्टा पकड़ा गया

धान तस्करी रोकने बनेंगे तीन चेकपोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

15 नवंबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीदी, तैयारी में जुटा प्रशासन

आगामी 15 नवंबर से प्रदेशभर में शुरू होने वाली समर्थन मूल्य पर सरकारी धान खरीदी को लेकर जिला प्रशासन ने पड़ोसी राज्यों से अवैध आवक रोकने की चाक-चौबंद तैयारी कर ली है। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की सीमा से लगे तीन प्रमुख मार्गों पर चेकपोस्ट बनाकर अवैध धान की एंट्री रोकने का काम किया जाना है। इधर चेकपोस्ट लगने से पहले ही अवैध धान का एक प्रकरण भी सामने आ गया है।

बताया गया कि संबंधित किसान के खेत में अभी फसल खड़ी हुई है और उसके घर में महाराष्ट्र से लाया गया 231 कट्टा धान मिला। जिसके बाद प्रशासन की टीम ने धान को जब्त कर लिया है। उल्लेखनीय है कि हर साल स्थानीय किसानों की आड़ में बिचौलिये और कोचिये दूसरे राज्यों से सस्ता धान लाकर यहां खपाने का बड़ा गोरखधंधा करते हैं। प्रशासन की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले वर्ष भी अवैध परिवहन व तस्करी के करीब 201 मामलों में सख्त कार्रवाई करते हुए धान जब्त किया गया था। इधर इस बार भी अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी गई है। धान खरीदी केंद्रों में संसाधान जुटाने के साथ ही किसानों का पंजीयन भी अंतिम दौर में पहुंच गया है।



खेत में फसल और घर में मिला धान

इधर प्रशासन की जांच चौकियां सक्रिय होने और खरीदी की औपचारिक शुरूआत से पहले ही कोचियों ने तस्करी का खेल शुरू कर दिया है। फर्जीवाड़े का एक ताजा मामला ग्राम कातूलटोला में उजागर हुआ है, जहां प्रशासनिक टीम ने दबिश देकर एक ग्रामीण के घर से भारी मात्रा में अवैध धान बरामद किया। जांच के दौरान कातूलटोला निवासी अमरू पिता हुमन दास के घर से 231 कट्टा धान मिला। पड़ताल में सामने आया कि यह धान महाराष्ट्र के ग्राम कालमनेरी से तस्करी कर लाया गया था। जबकि अमरू के नाम पर दर्ज 0.579 हेक्टेयर खेत में अभी धान की फसल खड़ी है और वहां कटाई तक शुरू नहीं हुई है। खेत में कटाई से पहले ही घर में सैकड़ों कट्टे धान की मौजूदगी ने इस फर्जीवाड़े की कलई खोल दी। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पंचनामा तैयार कर धान को जब्त करते आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही सीमावर्ती इलाकों में निगरानी और तेज कर दी गई है।

इन स्थानों में बनेंगे चेकपोस्ट

मिली जानकारी अनुसार महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से लगने वाले कल्लूबंजारी, बोरतलाव, चिचोला, टीपानगढ़, भकुर्रा और बेंदाड़ी में चेक पोस्ट स्थापित कर एक नवंबर से जांच अभियान शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि हर साल बड़ी मात्रा में पड़ोसी राज्यों से धान लाकर खपाया जाता है। जिसको देखते हुए ही जांच बढ़ाई जा रही है। पिछले साल भी जिले में 201 प्रकरण में 32 हजार क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया था।

चप्पल दुकान से शराब बिक्री, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में जूता-चप्पल की दुकान में अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना पर लालबाग पुलिस ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान कुल 145 पौवा शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 26 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि पुरूषोतम साहू उर्फ परसू निवासी कोटरासरार द्वारा अपने जूता-चप्पल की दुकान में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। जिसकी सूचना मिलने के बाद थाना स्टॉफ द्वारा मौके पर पहुंचकर एक्शन लिया गया।

आरोपी पर कार्रवाई

इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी के दुकान में जाकर रेड कार्रवाई कर उसके कब्जे से 18 पौवा शेरा देशी प्लेन, 99 पौवा शोले देशी प्लेन, 26 पौवा सुपर, 36 पौवा देशी प्लेन एवं 2 पौवा शेरा मसाला शराब कुल 145 पौवा शराब कीमती 11640 रुपए को जब्त किया। आरोपी पुरूषोत्तम साहू उर्फ परसू को पूछताछ किया गया, जो जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रदर्शन, बारिश के बीच घेरा कलेक्टोरेट

डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं को लेकर स्थानीय विधायक के नेतृत्व में कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान रैली और सभा का आयोजन करते प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में व्याप्त सड़क, पुल-पुलिया, खाद, बिजली सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान शहर में रैली निकाली गई और कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। आंदोलन को लेकर विधायक हर्षिता ने कहा कि तीन साल में क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर स्वीकृति नहीं मिली। घुमका बस स्टैंड निर्माण और जर्जर पुल, पुलिया के लिए राशि स्वीकृत नहीं हुई। बायपास निर्माण के लिए भी स्वीकृति नहीं मिली। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ अत्याचार हो रहा है और अब अघोषित बिजली कटौती, बिजली बिल में बढ़ोत्तरी व बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है।



दीपावली से पहले धान खरीदी करें सरकार : नवाज

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान ने कहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की सड़कों का बुरा हाल है। स्कूल-आंगनबाड़ी भवन जर्जर है। लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। जिससे यहां बायपास की महती आवश्यकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि नहीं आने से हितग्राही परेशान हैं। बिजली बिल अधिक आने से जनता त्रस्त है। किसानों को खाद-बीज नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार को एक नवम्बर से धान खरीदी करनी चाहिए थी। नवम्बर के प्रथम सप्ताह में दीपावली का पर्व है। ऐसे में किसानों के हाथ खाली है।

स्थानीय जनता के साथ प्रदर्शन

कांग्रेस के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्टोरेट के दोनों गेट पर बैरिकेडिंग किया गया था। बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। धरना प्रदर्शन के पश्चात बारिश के बीच कांग्रेसी और स्थानीय लोग कलेक्टोरेट घेरने के पहुंचे, जहां पुलिस और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी भी हुई। प्रदर्शन के दौरान शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, कांग्रेस प्रवक्ता अनीश खान सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।



बाजारों में पर्व से पहले खरीदारी के लिए पहुंची महिलाएं

पति की दीर्घायु की कामना में महिलाएं रखेंगी करवाचौथ व्रत, मां गौरी की होगी पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर सुहागिन महिलाएं कल गुरुवार 29 अक्टूबर को करवाचौथ का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाएंगी। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि पर मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। पर्व की तैयारियों के चलते शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। वहीं अर्नब तूफान के असर से मौसम में आए बदलाव और बारिश की संभावना ने व्रती महिलाओं की चिंता बढ़ा दी है। मौसम खराब रहने पर चांद के दीदार में परेशानी हो सकती है।

करवाचौथ पर महिलाएं पति की दीर्घायु और दांपत्य जीवन की खुशहाली के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखेंगी। इस दौरान अन्न और जल ग्रहण किए बिना व्रत का पालन करते हुए शाम को करवा माता की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। महिलाएं करवाचौथ की कथा का पाठ करेंगी और श्रद्धापूर्वक कथा का श्रवण भी करेंगी। इसके बाद रात्रि में चंद्रमा के उदय होने की प्रतीक्षा की जाएगी। चांद दिखाई देने पर महिलाएं छलनी की ओट से चंद्रमा का दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी। इसके बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया जाएगा।

बाजारों में साड़ी, आभूषणों की खरीदी शुरू

करवाचौथ को लेकर शहर के प्रमुख बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी और गुड़ाखू लाइन सहित अन्य बाजार क्षेत्रों में पूजा सामग्री की दुकानें सज गई है। महिलाएं करवा, दीपक, छलनी, पूजन थाली, रोली, कुमकुम और अन्य आवश्यक सामग्री की खरीदारी कर रही हैं। इसके साथ ही कपड़ों, साड़ियों, आभूषणों और श्रृंगार सामग्री की दुकानों में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ गई है। पर्व को खास बनाने के लिए महिलाएं नए परिधान और आभूषणों की खरीदारी कर रही हैं। बाजारों में चहल-पहल के बीच दुकानदारों को भी अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

मौसम बिगड़ने से चांद के दीदार की चिंता

इस बार करवाचौथ पर मौसम की स्थिति व्रती महिलाओं के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। अर्नब तूफान के प्रभाव से मौसम में बदलाव और बारिश की आशंका के चलते चंद्र दर्शन में बाधा आने की संभावना जताई जा रही है। करवाचौथ का व्रत चंद्रमा के दर्शन और अर्ध्य देने के बाद ही पूरा होता है। ऐसे में आसमान में बादल छाए रहने या बारिश होने पर महिलाओं को चांद के निकलने का इंतजार करना पड़ सकता है। इसके बावजूद महिलाओं में पर्व को लेकर उत्साह बना हुआ है और वे परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ करवाचौथ मनाने की तैयारियों में जुटी है।

खबर संक्षेप

नाडेप टैंक निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी

ठेलकाडीह। ग्राम पंचायत महरूमकला में नाडेप टैंक निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। पंच नेतराम निषाद ने निर्माण स्थल का वीडियो बनाकर लापरवाही को उजागर किया है। उनका आरोप है कि निर्माण के शुरुवात में ही निर्धारित मापदंडों की अनदेखी की जा रही है। नाडेप टैंक का निर्माण टिकाऊ और निर्धारित मानकों के अनुरूप होना जरूरी है। यदि शुरुआती चरण में ही गुणवत्ता से समझौता होता है, तो आगे चलकर निर्माण की मजबूती प्रभावित होने की आशंका है। ग्रामीणों ने पूरे निर्माण की जांच कराने की मांग की है।

सट्टा पट्टी लिखते आरोपी गिरफ्तार

गंडई पंडरिया। पुलिस ने जुआ-सट्टा के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मछली मार्केट गंडई के पास एक ठेले में बैठकर अंकों पर दांव लगाकर अवैध सट्टा संचालित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने पवन राजपूत उर्फ आशीष राजपूत पिता देवसिंह राजपूत, निवासी वार्ड 9 मस्जिदपारा को सट्टा पट्टी लिखते हुए पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 नग सट्टा पट्टी, 1 नग नीला डॉट पेन और नगदी 1650 रुपए बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि गंडई क्षेत्र में अवैध गतिविधियां लगातार बढ़ रही है। पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए लोग अब हाईटेक तरीके से अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, जिसके तहत सट्टे का कारोबार अब मोबाइल पर भी ज्यादा होने लगा है।

छत्तीसगढ़ी वार्ता का 3 को आकाशवाणी में प्रसारण

राजनांदगांव। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की छत्तीसगढ़ी वार्ता छत्तीसगढ़ी साहित्य के विकास यात्रा का प्रसारण 3 नवंबर को सुबह 8.30 बजे आकाशवाणी रायपुर के छत्तीसगढ़ी साहित्यिक समन्वित कार्यक्रम मोर भुइयां के अंतर्गत किया जाएगा। इस वार्ता को छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्र अनुप्रसारित करेंगे।

निधन

सावित्री सोनी

डोंगरगढ़। स्थानीय निवासी



सावित्री सोनी का आकस्मिक निधन हो गया। वह सूरज सोनी की माताश्री थी। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

मीराबाई यादव

डोंगरगढ़। स्थानीय निवासी



मीराबाई यादव का निधन हो गया। वह विनीत यादव की माता जी थी। उनका अंतिम संस्कार छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर सामाजिकजनों ने गहरा दुःख जताया है।

जनसामान्य का कामकाज हुआ बाधित, स्कूल भी रहे बंद

अर्नब चक्रवात का दिखा असर बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात का असर ग्रामीण क्षेत्र में देखने को मिला। ग्रामीणों का काम काज दिन भर प्रभावित रहा। सुबह से घने बादल छाए रहा। दोपहर को बारिश शुरू हो गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाद क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया गया था। वहीं कृषक मजदूरों ने भी खेतो की ओर जाने से परहेज किया। सड़क पर भी लोगों का आवागमन काफी कम रहा। बसों में भी गिनती के यात्री सफर करते नजर आए।

किसानों की बढी चिंता

बदले मौसम ने एक बार फिर किसानों की चिंता बढ़ा दिया है। किसानों ने बताया कि अल्प और खंड वर्षा के बावजूद धान की फसल बेहतर है। वर्तमान में हरूना धान की कटाई मिंजाई का काम शुरू हो गया है। हरूना किस्म के लगभग सभी धान खेतों में पककर तैयार है ऐसे समय पर बारिश और हवा से काफी नुकसान हो सकता है। बुधवार को बारिश और हवा से धान के पौधे गिर गए हैं।

फसल प्रभावित होने की आशंका



धान की कटाई में होगा विलंब

डोंगरगांव। अर्नब चक्रवाती तूफान का असर बुधवार को शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में व्यापक रूप से देखने को मिला। तूफान के चलते सुबह से ही इलाके में ठंडी हवाएं चलती रहीं, वहीं दोपहर के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश शुरू हो गई, जो शाम तक लगातार जारी रही। तेज चक्रवाती तूफान की आशंका और खराब मौसम को देखते हुए लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ा, जिससे सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और बसों व अन्य सार्वजनिक वाहनों में यात्रियों की आवाजाही आम दिनों की तुलना में कम रही। मौसम में आए इस अचानक बदलाव से तापमान में गिरावट महसूस की गई है। लोगों को आशंका है कि अगर बारिश और तेज हवाओं का दौर यूं ही जारी रहा, तो इसका असर फसलों पर भी पड़ सकता है।

विरोध के बाद जनपद पंचायत में फेरबदल

- जिला पंचायत ने किया नए सीईओ की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जनपद अध्यक्ष सहित अन्य के विरोध के बाद स्थानीय जनपद पंचायत में बड़ा प्रशासनिक बदलाव हुआ है।

जिला पंचायत ने सीईओ भगवती साहू का प्रभार बदलते हुए सहायक परियोजना अधिकारी मारखनलाल चंद्रवंशी को प्रभार सौंपा है। इस संबंध में 27 अक्टूबर को आदेश जारी किया गया। जानकारी के अनुसार सीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और कुछ सदस्यों ने नाराजगी जताई थी। विकास कार्यों की स्वीकृति सहित अन्य मुद्दों को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। पदाधिकारियों ने हाल में सीईओ को हटाने की मांग करते हुए जनपद पंचायत में तालाबंदी करने की चेतावनी दी थी। विवाद के गहराने के पहले पूर्व सांसद मधुसूदन यादव की पहल पर यह बदलाव होने की चर्चा है।

हड़ताल को कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया समर्थन



अंबागढ़ चौकी। प्रदेश पटवारी संघ के आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर जिले के पटवारी भीआंदोलित है। पटवारियों के लगातार हड़ताल पर रहने से राजस्व विभाग का कामकाज प्रभावित हुआ है वहीं किसानों को भी परेशान होना पड़ रहा है। जिला पटवारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल को कई संगठनों का समर्थन प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश सिन्हा और रेंगाकठेरा की जनपद सदस्य लक्ष्मी ललित कोसारे ने आंदोलन पंडाल में पहुंचकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को रही परेशानियों को देखते हुए पटवारियों की मांग को पूरा कर हड़ताल समाप्त करने का प्रयास सरकार को करना चाहिए। इस वक्त कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्थानीय समस्याएं हल नहीं होने पर शिक्षकों ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने ब्लॉक अध्यक्ष संतोष धुर्वे एवं ब्लाक सचिव राजू कौशिक के नेतृत्व में स्थानीय समस्याओं का समाधान नहीं होने पर जनपद पंचायत के सामने धरना देकर ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने सेवा पुस्तिका का सत्यापन स्थानीय संपरिक्षक व कोष एवं लेखा से कराने, जीपीएफ पासबुक कटौती तिथि से संधारण करने, स्कूलों में एनजीओ की दखल बंद करने, उच्च परीक्षा में बैठने की अनुमति देने, सेवानिवृत्त व निधन होने पर शिक्षकों के आर्थिक स्वयत्तो ग्रेजुऐटी, अवकाश नगदीकरण, समूह बीमा राशि तत्काल भुगतान करने की मांग की है। धरना में जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, चंद्रिका यादव, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, संतोष धुर्वे, प्रमोद सिरदार, राजू कौशिक, लेश साहू, लोचन वर्मा, पंचशीला सहारे, गुरूचरण नेताम, मदन मंडावी, सुरेंद्र वर्मा, जितेंद्र पाल, रिकीराम चंद्रवंशी, मनीष पसीने, रघुनंदन चंद्रवंशी, रतिराम कन्नौज, लोकेश वर्मा, शीतल ठाकुर, नरेंद्र सिंह, राजेंद्र साहू, आसफ खान, विजय वर्मा, पोखनदास साहू, चुमेश्वर चंद्रवंशी, शीलासिंह, सतीश यादव, मनोज साहू सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

खड़गे का बयान मर्यादा के खिलाफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर दिए गए बयान की जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कड़ी निंदा करते हुए इसे अनुचित बताया। श्री गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के करोड़ों नागरिकों के विश्वास और जनभावनाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन प्रधानमंत्री के प्रति सभी राजनीतिक दलों के नेताओं को मर्यादित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन राजनीतिक विरोध के दौरान भाषा की गरिमा बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान आपसी सम्मान, सकारात्मक संवाद और जनहित के मुद्दों पर चर्चा से होती है। राजनीतिक विरोध के नाम पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना उचित नहीं है। उन्होंने खड़गे के बयान पर असहमति जताते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में कार्य करने वाले नेताओं को अपने शब्दों और बयानों के प्रति जिम्मेदार रहना चाहिए।



- राजनीतिक विरोध में भाषा की मर्यादा का हो पालन

मणिकंचन केंद्र की मशीनें सालों से बंद

प्लास्टिक कचरे का नहीं हो रहा निपटान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में संचालित क्लीन सिटी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मणिकंचन केंद्र में कचरे का पृथक्करण तो किया जा रहा है, लेकिन प्लास्टिक निपटान के लिए लगाई गई मशीनें वर्षों से बंद पड़ी हैं।

जानकारी के अनुसार मणिकंचन केंद्र की मशीनें बंद होने के कारण प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन में परेशानी आ रही है। कर्मचारियों के अनुसार मशीनों को चालू करने के लिए बिजली कनेक्शन और कचरा संग्रहण व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। क्लीन सिटी व्यवस्था के तहत दुकानों से कचरा संग्रहण के लिए पहले 30 रुपए शुल्क लिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 50 रुपये कर दिया गया। कुछ दुकानदारों और लोगों में शुल्क को लेकर असंतोष की स्थिति बनी हुई है। शुल्क वृद्धि के बाद भी व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। कर्मचारियों की तैनाती और कार्य विभाजन की जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि कचरा संग्रहण और पृथक्करण का काम सुचारु रूप से हो सके।



दुकानों के सामने कचरा

जानकारी के अनुसार शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण होने के बाद भी कुछ दुकानदार कचरा को आसपास फेंक देते हैं जिससे शहर में प्लास्टिक और अन्य कचरे के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। खुले में पड़ा कचरा नागरिकों के लिए परेशानी पैदा कर सकता है। क्लीन सिटी व्यवस्था से जुड़े प्रभारी ने लोगों से प्लास्टिक और अन्य कचरा इधर-उधर फेंकने के बजाए कचरा संग्रहण करने वाली टीम को सौंपने की अपील की है। दुकानदारों से अपील की गई है कि वह दुकानों में डस्टबिन रखें, ताकि कचरा न फैले।

पीएम के विचारों का किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



आरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का श्रवण जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ किया। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों एवं संदेशों को ध्यानपूर्वक सुना।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों, सामाजिक कार्यों, जनभागीदारी, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में नागरिकों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि यह केवल रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशवासियों को जोड़ने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों की कहानियों को सामने लाते हैं, जिससे अन्य को समाज और राष्ट्र के लिए कुछ बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में दिलीप साहू, दिनेश साहू, श्रवण निषाद, कुंदन साहू, जयसिंह, खिलेंद्र, सोनउराम, पृथ्वी, हीरू, मनोज, डेविड, खेमचंद, ओमकार, यमन, विमल, खिलेश्वर, ओमकार, डालेशर, ईश्वर, तिलेश्वर, श्रवण, गौतम, उमाकांत आदि उपस्थित थे।

संड़ी में निकला 12 फुट लंबा अजगर सांप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम संड़ी में दो अजगर सांप निकलने से ग्रामीण सकते में आ गए हैं। ग्रामीणों की सतर्कता से दोनों सांपों को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब 10 बजे कुछ ग्रामीण अपना काम निपटा कर पंडरिया से संडी लौट रहे थे। गली के बीच में उन्होंने लगभग बारह फीट लंबा अजगर सांप को देखा। भारी भरकम अजगर सांप को देखकर ग्रामीण सख्ते में आ गये। उन्होने इसकी सूचना पुलिस एवं वन विभाग को दिया। टीम के पहुंचने तक सांप एक ग्रामीण के कुंआ के समीप चला गया था जिसे रिस्क्यु कर सुरक्षित पकड़ा गया। वन विभाग की टीम से सांप को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। इस घटना के करीब नौ घंटे बाद दूसरे मोहल्ला में अजगर सांप निकलने की खबर ने ग्रामीणों को हतप्रभ कर दिया। ओमप्रकाश जंघेल सात बजे पशुओं को चारा देने पहुंचा तो वहां लगभग छः फीट लंबा अजगर सांप देखकर सन्न रह गया। ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाकर छोड़ा।



बांध से सांप के आने की आशंका

ग्रामीणों ने बताया कि गांव से लगा हुआ बांध है। इस पास काफी जंगल झाड़ी है। बांध का पानी नहर नाली से गांव की ओर आता है। ग्रामीणों को आशंका है कि सांप वहीं से गांव में आ रहा है।

पालक-शिक्षक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महारानी लक्ष्मीबाई शा.आ.क.उ.मा. शाला राजनांदगांव में 24 अक्टूबर को प्राचार्य पूर्णिमा शुक्ला, परीक्षा प्रभारी डॉ. खिलेश्वरी साव, आकाश देवांगन तथा स्टॉफ की उपस्थिति में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित किया गया। पालकों को त्रैमासिक परीक्षा परिणाम से अवगत कराया गया तथा उन्हें अनुत्तीर्ण छात्राओं, कमजोर छात्राओं के लिए उपचारात्मक कक्षा शुरू किया जाने की सूचना दी गई। पालकों से अनुरोध किया गया कि घर में उनके अध्ययन पर विशेष ध्यान दिया जाए। पालकों द्वारा छात्राओं की समस्या प्राचार्य तथा शिक्षक से रखा गया और पालकों द्वारा दिए सुझाव का शिक्षकों द्वारा स्वागत किया गया। भविष्य में भी उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई। इस दौरान पालक मोक्ष कुमार, ज्ञानचंद साहू, रामकुमार यादव, राजकुमार बंजारे, ललित चतुर्वेदी, विजय जंघेल, उच्चवल राजपूत, शकुन्तला सिन्हा, ममता साहू, किरण चतुर्वेदी, श्रणव साहू, प्रदीप चन्द्रकार, अश्वन निषाद, जमुनाबाई सोनकर, लिलिमा तथा अदिति जंघेल आदि शामिल थे।









बैगा जनजाति के जमीन पर कब्जे बर्दाश्त नहीं: ईतवारी मछिया

26 एकड़ कृषि भूमि पर कब्जे और धान कटाई का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

आदिम जाति बैगा समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष ईतवारी राम मछिया ने बैगा समुदाय की जमीन पर कथित कब्जे और जमीन हड़पने के प्रयासों के विरुद्ध कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

बताया जाता है कि पूरा मामला ग्राम पंचायत चियाडांड निवासी कामदार बैगा की कृषि भूमि से संबंधित है। बैगा समाज द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पंडरिया को लिखित आवेदन सौंपकर लगभग 26.89 एकड़ कृषि भूमि के संबंध में शिकायत की गई है।

आवेदन में भूमि के दस्तावेज उपलब्ध होने का उल्लेख करते हुए संबंधित व्यक्तियों द्वारा खेत पर कब्जा करने तथा धान की फसल काटने के आरोप लगाए गए हैं। आवेदन के अनुसार 23 अक्टूबर को मोहन, मुन्ना और जोगी नामक व्यक्तियों द्वारा खेत में धान काटने का आरोप है। शिकायत में विरोध करने पर गाली-गलौज और धमकी देने की बात भी कही गई है। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि पुलिस को सूचना देने और समझाइश दिए जाने के बावजूद 24 अक्टूबर को संबंधित व्यक्तियों द्वारा दोबारा खेत में पहुंचकर धान काटने का प्रयास किया गया। समाज ने इन आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। बैगा समाज ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि मामले में उचित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने समाज प्रमुख उपस्थित थे। जिसमें बड्डू सिड़या समाज प्रमुख, गौठु बरंगिया प्रदेश सलाहकार, सेमलाल पड़िया जिला उपाध्यक्ष सहित समाज के पदाधिकारियों शामिल थें।



बैगा समाज ने दी एकजुट आंदोलन की चेतावनी

प्रदेशाध्यक्ष ईतवारी राम मछिया ने कहा कि बैगा समुदाय की जमीन, सम्मान और अधिकारों की रक्षा समाज की प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा बैगा परिवारों की जमीन हड़पने अथवा उस पर अवैध कब्जा करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील किया कि आवेदन में प्रस्तुत भूमि संबंधी दस्तावेजों और शिकायत के सभी तथ्यों की जांच कर समयबद्ध कार्रवाई की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कदम उठाए जाएं। उन्होने स्पष्ट कहा कि भविष्य में बैगा समुदाय के किसी भी व्यक्ति की जमीन पर कब्जा करने या उसे हड़पने का प्रयास किया गया, तो पूरा बैगा समाज एकजुट होकर आंदोलन करेगा। समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष करने के लिए तैयार है।

अंडरब्रिज का अधूरा निर्माण कार्य शुरू, क्षेत्रवासियों में हर्ष

स्टेशन प्रबंधक को गुलदस्ता भेंटकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पटरीपार क्षेत्र के हजारों नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। कांग्रेस नेता आसिफ अली के निरंतर धरना-प्रदर्शन, मांग और रेलवे प्रशासन पर लगातार बनाए गए दबाव के बाद अंडरब्रिज का अधूरा निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। वर्षों से इस कार्य के पूरा होने का इंतजार कर रहे क्षेत्रवासियों में इससे हर्ष और प्रसन्नता का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता आसिफ अली ने अंडरब्रिज निर्माण को लेकर 29 जनवरी और 16 अप्रैल को रेलवे प्रशासन के समक्ष लगातार आवाज उठाई तथा धरना-प्रदर्शन कर कार्य शुरू कराने की मांग की थी।

इसके बाद 12 मई 2026 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के माध्यम से लिखित पत्र देकर अक्टूबर माह में निर्माण कार्य प्रारंभ करने की जानकारी दी गई थी। पत्र में यह भी उल्लेख था कि कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जा रही है। आसिफ ने रेलवे के इस लिखित आश्वासन को अमल में लाने के लिए लगातार प्रयास जारी रखा। जिसका परिणाम अब निर्माण कार्य शुरू होने के रूप में सामने आया है। इस दौरान हनीफ खान, युधिष्ठिर देवांगन, चंचल देवांगन, संतोषी नागवंशी, नीतू वैष्णव, गोपाल सिन्हा, प्रीतराम साहू, तस्लीम कुरैशी, बीना यादव, यशोदा ठाकुर, आनंद रामटेके, ऋषि रजक, अब्दुल लतीफ, संगीता साहू, श्यामलता वर्मा, ऊर्मिला सिन्हा, कमलेश मेश्राम, सरस्वती यादव, हरीश साहू, अरविंद साहू, जुगुनू ठाकुर, धीरज रामटेके, राहुल भारती, अभिमन्यु मेश्राम, बिरचे सिन्हा, ईश्वरी निषाद, नीरा साहू, देवकी यादव, मंजू यादव, सरिता यादव, देवकी साहू, ज्योति नामदेव, रेखा चचाने, हनी रगड़े, कमल कुलदीप, दुष्यंत पासवान, परदेसी वासनिक, जमाल खान, सकून निर्मलकर, गुड्डू निर्मलकर, तिलक तिवारी आदि उपस्थित रहे।



निरंतर संघर्ष का परिणाम

वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल एवं नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने संयुक्त रूप से कहा कि अंडरब्रिज निर्माण कार्य प्रारंभ होना कांग्रेस नेता आसिफ अली और क्षेत्र की जनता के निरंतर संघर्ष एवं जनआंदोलन का परिणाम है। उन्होंने कार्य प्रारंभ करने रेलवे प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। आसिफ ने कहा कि अंडरब्रिज का निर्माण शुरू होना क्षेत्रवासियों के निरंतर संघर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हालांकि अभी अधूरे निर्माण को पूरा कराना प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक कार्य पूर्ण होकर आम नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा नहीं मिल जाती, तब तक वे इस मुद्दे पर अपनी निगरानी और प्रयास जारी रखेंगे।

आगे की कार्य योजना पर चर्चा

कार्य प्रारंभ होने पर कांग्रेस नेता आसिफ अली के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले व पार्षद छोटेलाल रामटेके की उपस्थिति में पटरीपार क्षेत्र के निवासियों ने स्टेशन प्रबंधक आरके बर्मन से मुलाकात की और उन्हें गुलदस्ता भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान आसिफ ने स्टेशन प्रबंधक के साथ-साथ इंचार्ज इंजीनियर से भी निर्माण कार्य की प्रगति एवं आगे की कार्ययोजना को लेकर चर्चा की।

अंतर्राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में अंशिका ने जीते रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा की कक्षा सातवीं की प्रतिभाशाली छात्रा अंशिका चंद्रवंशी ने अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। अंशिका ने प्रतियोगिता में दो रजत पदक अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

विगत दिनों 3 अक्टूबर को भिलाई महिला महाविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में नेपाल, भारत और भूटान के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस प्रतिस्पर्धा में अंशिका चंद्रवंशी ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए काटा और कुमिते दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक अपने नाम किए। 55 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए अंशिका ने तकनीक, एकाग्रता, आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय दिया।



आवासीय शिविर में शामिल हुए आयोग अध्यक्ष अग्रवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा स्थानीय सत्यानंद आश्रम में आयोजित सात दिवसीय आवासीय शिविर के द्वितीय दिवस में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं पतंजलि के जिला प्रभारी (रायपुर) राममणि शुक्ला पहुंचे। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर रवि सिन्हा ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। योग आयोग अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते उनके सेवा कार्यों की सराहना की तथा योग एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने प्रेरित किया। राममणि शुक्ला ने भी विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराया।

शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न परियोजना कार्यों के साथ योगाभ्यास एवं रचनात्मक गतिविधियां संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में सत्यानंद आश्रम की अध्यक्ष तारिणी मीरानी एवं हेमंत तिवारी उपस्थित रहे। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एसआर कन्नौजे ने किया।

महासभा की प्रथम प्रांतीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के निर्वाचन पश्चात प्रथम प्रांतीय बैठक 26 अक्टूबर को प्रांतीय मुख्यालय राजनांदगांव में महासभा के संरक्षक महंत राम सुन्दर दास के आतिथ्य एवं प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र दास की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले से वैष्णव बंधु शामिल हुए।

प्रदेश महासचिव महेंद्र वैष्णव ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा करते महासभा के संगठनात्मक संरचना को विस्तार पूर्वक रखते बताया कि भविष्य में समाज का स्वरूप कैसा होगा और पूरे प्रदेश में इसी नियमावली के अनुसार पूरे प्रदेश में सामाजिक संगठन का संचालन होगा।

प्रदेश अध्यक्ष दाऊ सुरेन्द्र दास ने कहा श्री महासभा के प्रांतीय चुनाव के बाद से ही हम लोग छत्तीसगढ़ के जिलों में दौरा कर वैष्णव बन्धुओं से मिलकर सामाजिक एकता को ध्यान में रखते जिला पदाधिकारी का चयन करने का प्रयास कर रहे है। जिससे समाज में एक-दूसरे का साथ और सहयोग बना रहे। अध्यक्ष ने कहा कि बहुत जल्द प्रदेश के सभी जिलों के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा।



प्रदेश कार्यकारिणी की सूची जारी

समाजसेवी हेमंत वैष्णव ने कहा श्री वैष्णव महासभा का इतिहास बहुत पुराना है। वर्षों से हमारे पूर्वजों ने इस महासभा को संजोए रखा। विगत दिनों में जो प्रांतीय चुनाव संपन्न हुआ, वह एक ऐतिहासिक चुनाव रहा। प्रांतीय बैठक में महंत एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संगठन संरचना का विमोचन एवं प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम सूची जारी किया गया। बैठक में महिला प्रकोष्ठ से अध्यक्ष पद के लिए प्रज्ञा निर्वाणी एवं युवा प्रकोष्ठ से युवा अध्यक्ष पद के लिए इशांत वैष्णव को मनोनीत किया गया। दोनों मनोनीत पदाधिकारियों ने कहा कि समाज ने हमें जो जिम्मेदारी दिया गया उसे अच्छी तरह से निभाते समाज की विकास में सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन सन्तोष वैष्णव व आभार प्रदर्शन प्रदेश कोषाध्यक्ष लालबन्धु वैष्णव ने किया।

भाजपा का 'लोकतंत्र बचाओ' अभियान जनता का अपमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे लोकतंत्र बचाओ, भीड़ तंत्र हटाओ अभियान की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने भाजपा के इस रूख को देश के लोकतंत्र और करोड़ों मतदाताओं का सीधा अपमान करार दिया है।

प्रदेश प्रवक्ता पिंटू ने जारी बयान में कहा कि भाजपा का यह अभियान लोकतंत्र बचाने के लिए नहीं, बल्कि अपनी असफलताओं पर पर्दा डालने और चुनाव आयोग को अनुचित संरक्षण देने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा आज जिन देशवासियों और जागरूक नागरिकों को भीड़ कहकर खारिज कर रही है, यह उनके चरम अहंकार को दर्शाता है। भाजपा को यह नहीं भूलना चाहिए कि इसी जनता ने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर उन्हें सत्ता की कुर्सी तक पहुंचाया था, जिस जनता के वोट से वे आज सत्ता में बैठे हैं, वही जनता आने वाले समय में उन्हें बेदखल करने का काम भी करेगी। 13 करोड़ मतदाताओं को बाहर करने पर खड़े किए गंभीर सवाल बयान में मतदाता सूची में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते पिंटू ने भाजपा से जवाब मांगा।



उन्होंने कहा कि देशभर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर 13 करोड़ लोगों के नाम सूची से बाहर कर दिए गए हैं। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि यदि 13 करोड़ मतदाताओं के नाम फर्जी या गलत थे, तो उन्हीं मतदाताओं के वोटों से चुनकर आई भाजपा की सरकार वैध कैसे हो सकती है?

उन्होंने मांग करते कहा कि अगर मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया इतनी ही विवादित थी कि 13 करोड़ लोगों के नाम हटाने पड़े, तो इस लिहाज से पूरी चुनाव प्रक्रिया ही संदेह के घेरे में आती है। नैतिकता का तकाजा यह कहता है कि इस चुनाव प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और केंद्र सहित सभी संबंधित सरकारों को तुरंत भंग कर नए सिरे से निष्पक्ष चुनाव कराए जाए।

सुरक्षित बचपन अभियान के तहत शिविर

विद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशन तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मागदर्शन में सुरक्षित बचपन अभियान ए पैन इंडिया स्कूल अवेयरनेस कैंपेन ऑन द प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फाम सेक्सुअल ऑफेन्स एक्ट 2012 का प्रारंभ किया गया है। प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार होता के निर्देशन में सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यालयों में विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सुरक्षित बचपन अभियान के प्रथम चरण अंतर्गत 26 से 31 अक्टूबर तक विद्यालय में शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सुरक्षित बचपन अभियान अंतर्गत 27 अक्टूबर को शा.उ. मा. शाला बजरंगपुर-नवागांव में विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी राजनांदगांव श्रीमती वंदना मंडावी तथा विधि सारथी रवि पित्रोडा एवं नितिन साहू वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।



बच्चों को किया गया जागरूक

सुरक्षित बचपन अभियान के इसी अनुक्रम में जिले के न्याय मित्रों द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लिटिया, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुकुलदैहान, कस्तूरबा हायर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल पेण्ड्री, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जंगलेशर, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहड़ में भी व्यापक स्तर पर विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के मध्य पॉक्सो अधिनियम की जानकारी प्रदान करते गुड टच व बैड टच के बीच के अंतर को स्पष्टकर बच्चों को जागरूक किया गया।

साईबर अपराधों से खुद को रखें सुरक्षित

न्यायाधीश श्रीमती मंडावी ने अपने वक्तव्य में नालसा द्वारा संचालित सुरक्षित बचपन अभियान के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डालते बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रावधानों को उद्धरित किया तथा प्रत्येक विद्यार्थियों को अपनी व्यक्तिगत सीमाओं एवं सुरक्षित व असुरक्षित व्यवहार की समझ होनी चाहिए। किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में बिना डर के अपने अभिभावकों या शिक्षकों को तुरंत सूचित करना चाहिए। वर्तमान समय में ऑनलाइन खतरों एवं साइबर अपराधों से खुद को सुरक्षित रखें। किसी भी गलत आचरण एवं उत्पीड़न के खिलाफ तुरंत आवाज उठाएं , चुप नहीं बैठे। आपातकालीन स्थितियों में तुरंत विधिक सहायता नालसा हेल्प लाइन 15100 एवं चाईल्ड हेल्प लाइन 1098 में सम्पर्क करें। शिविर में बच्चों को बताया गया कि अगर ऐसा कोई अनुचित व्यवहार आपके साथ किया जाता है तो तत्काल ही अपने माता-पिता को जानकारी दें, ताकि तात्कालिक रूप से उचित कार्रवाई की जा सके।

जल जीवन मिशन के बकाये पर ठेकेदारों का हल्लाबोल

- चड्डी-बनियान पहन कटोरा लेकर सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जल जीवन मिशन के तहत कराए गए निर्माण कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित रहने के विरोध में ठेकेदारों का आक्रोश अब सड़क पर उतर आया है। छत्तीसगढ़ कांट्रेक्टर एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ राज्य पीएचईडी कांट्रेक्टर एसोसिएशन के आह्वान पर मंगलवार को रायपुर में ठेकेदारों ने प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश जोशी के मार्गदर्शन में चड्डी-बनियान पहनकर हाथों में कटोरा लेकर पहुंचे ठेकेदारों ने बकाया भुगतान की समस्या उठाते सरकार और विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर की।



प्रदर्शन के जरिये उन्होंने सवाल उठाया कि निर्माण कार्य पूरा कराने के बाद भी भुगतान के लिए ठेकेदारों को आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा।

जिलाध्यक्ष अशोक पंजवानी ने बताया कि प्रदेशभर में जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों का 5 हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान लंबित है। निर्माण कार्यों में लगाई गई पूंजी फंसने से ठेकेदारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जिलाध्यक्ष श्री पंजवानी ने आरोप लगाया कि बकाया भुगतान के संबंध में प्रधानमंत्री कार्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, विभागीय मंत्री और मुख्य सचिव तक पत्राचार किया गया, लेकिन अब तक अपेक्षित राहत नहीं मिली है। एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि लंबित भुगतान जारी करने के लिए स्पष्ट समय सीमा तय की जाए, अनावश्यक प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए और भुगतान में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जाए। प्रदर्शन में निलेश श्रीवास्तव, सारांश अजमानी, नितिन भाटी, दीपक शर्मा, संतोष मीणा, मनोज ठाकुर, हेमेंद्र सिंह, वैभव शुक्ला, अमर ज्वाला, राजेश शर्मा, वीरेंद्र चौहान, संजय मोबिया, रविंद्र कलिहारी, सोनटके खैरागढ़ सहित अन्य ठेकेदार और संगठन के साथी उपस्थित रहे।

अधिकारी-कर्मचारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को कलेक्टोरेट राजनांदगांव में अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उल्लेखनीय है कि 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2026 तक सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्यों में ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार के विरूद्ध सजग रहने की शपथ दिलाई। सभी ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी एवं कानून के शासन का पालन करने, रिश्वत नहीं लेने और नहीं देने, जनहित में कार्य करने तथा व्यक्तिगत व्यवहार में सत्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करने का संकल्प लिया।



रायपुर के समारोह में थंगेश्वर सम्मानित

राजनांदगांव। शिक्षा, साहित्य, कला-संस्कृति एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू को रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में समाजदीप रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 26 अक्टूबर 2026 को प्रदान किया गया। थंगेश्वर कुमार साहू शा.उ.मा. विद्यालय तिलईरवार विकासखंड डोंगरगांव राजनांदगांव में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं।



सार समाचार

संस्था की प्रांतीय प्रबंधकारिणी गठित

राजनांदगांव। छग प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संस्था द्वारा आयोजित वार्षिक आमसभा निर्वाचन अधिकारी सविता पाठक, प्रदीप नारायण तिवारी, अरुण दुबे की उपस्थिति में संपन्न हुई। उक्त जानकारी देते संस्था के प्रांतीय उपाध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि सभा में विगत 2 वर्षों के गतिविधियों के साथ आडिट प्रतिवेदन सुनील कुमार बाजारी एवं शैलेन्द्र राठौर द्वारा प्रस्तुत किया गया। वार्षिक आमसभा में कोरम के साथ दो तिहाई से भी अधिक सदस्यों की उपस्थिति में प्रांतीय प्रबंधकारिणी का निर्वाचन एवं वार्षिक आमसभा में नवीन सृजन पदों के प्रस्ताव पर आमसभा की सर्वसम्मति से अनुमोदन पश्चात प्रांतीय प्रबंधकारिणी सर्वसम्मति से गठित की गई। जिसमें संरक्षक सविता पाठक, प्रदीप नारायण तिवारी, अरुण दुबे, अनिल गुप्ता, मुरली मनोहर खंडेलवाल, अध्यक्ष सुनील कुमार बाजारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश मिश्रा, डॉ. अशोक ताम्रकार, उपाध्यक्ष बबिता नत्थानी, महेश वर्मा, प्रभात केयूर भूषण मिश्रा, पी. संतोष नायडू, शरद अग्रवाल, डॉ. दीपक शर्मा, सचिव महेश दुबे, कोषाध्यक्ष अजय कुमार जैन, संयुक्त सचिव प्रहलाद मिश्रा, सह-सचिव अमरसिंह अजमानी, मुकेश चोपडा, धर्मेन्द्र पंड्या, डॉ. शिरीष शर्मा, विधिक सलाहकार सुधा कसार, प्रवक्ता मीडिया प्रभारी अनिरुद्ध दुबे, कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम दास जोशी, बसंत कश्यप, अभिषेक जैन, अजय सोनी, पंकज अग्रवाल, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, शैलेन्द्र राठौर, राजेन्द्र चतुर्वेदी, चंद्रकांत पांडे, राजेन्द्र जंघेल, शशि पांडे, नेहा तिवारी शामिल हैं।



चतुर्थ काउंसलिग की चयन सूची प्रकाशित

राजनांदगांव। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसलिग में प्राप्त आवेदनों के आधार पर मेरिट क्रम अनुसार चयन सूची का प्रकाशन किया गया है। चयन सूची का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर किया जा सकता है। चयनित विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालय में 30 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से प्रवेश लेने कहा गया है। प्रवेश के समय विद्यार्थियों को कक्षा 8वीं में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण अंक सूची, पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी नक्सल पीड़ित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, विशेष पिछड़ी जनजाति प्रमाण पत्र, प्रवेश की पात्रता होने पर 2 दिवस के भीतर अनिवार्यतः जिला शिक्षा अधिकारी से काउन्टर हस्ताक्षरित स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। विद्यार्थियों के चयनित प्रयास आवासीय विद्यालयों में संस्था परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह आत्मा भी पूर्ण हो ऐसी कामना करें

राजनांदगांव। आज पूर्णिमा है और पूर्णिमा के दिन चांद पूरा होता है। परमात्मा से कामना करें कि इसी तरह हमारी आत्मा भी पूर्ण हो। अपने मन को मजबूत बनाकर ही कोई कार्य करें, सफलता अवश्य मिलेगी। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य समयप्रभ सागर ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में मुनिश्री समयप्रभ सागर ने फरमाया कि कोई भी काम करने से पहले दो बार अवश्य सोंचे। इसके बाद संकल्प लें और कार्य शुरू करें। आपको सफलता अवश्य मिलेगी। हमें विपरीत परिस्थितियों में भी घबराना नहीं चाहिए। दृढ़ विश्वासी बने और काम शुरू करें।मुनिश्री समयप्रभ सागर ने कहा कि काम शुरू करने से पहले एक चीज का ध्यान अवश्य रखें पहले वस्तु स्थिति का अच्छे से अवलोकन करें, चीजों को अच्छी तरह से देख लें, उसे स्वीकार कर लें फिर कार्य शुरू करें। उन्होंने कहा कि वास्तविक संगीतज्ञ जो होता है, वह अपनी आत्म संतुष्टि के लिए गाता-बजाता है। वह पैसों के पीछे नहीं भागता। हमें भी वैसे ही बनना चाहिए। हमारा शरीर भी एक वाद्य यंत्र है। जिसके तार अगर मन के तार से जुड़ जाएं और तालों में भी इसी तरह का सामंजस्य हो जाए तो जीवन का आनंद ही आ जाएगा।



संशोधित न्यूनतम वेतन दरे जारी

राजनांदगांव। राज्य शासन द्वारा न्यूनतम वेतन एवं परिवर्तनशील महंगाई भत्ता का निर्धारण किया गया है। जिसके अनुकरण में कार्यालय सहायक श्रमायुक्त द्वारा दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन तथा परिवर्तनशील महंगाई भत्ते की दरें जारी की गई है। संशोधित वेतन दरें 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए प्रभावशील रहेगी। सहायक श्रमायुक्त द्वारा जिले के सभी शासकीय विभागों, संस्थानों, नियोजकों एवं प्रबंधकों को अपने अधीन कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों को जारी पुनरीक्षित दरों के तहत भत्ते सहित वेतन व मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने कहा गया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त की जा सकती है।

ढाबा में शराब बिक्री, पकड़ा गया

राजनांदगांव। ढाबा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने मौके पर दबिश देकर 52 पौवा गोवा व्हिस्की शराब बरामद कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी सुकुलदैहान क्षेत्र अंतर्गत 27 अक्टूबर को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि रंजीत वर्मा निवासी सुकुलदैहान ने अपने फौजी ढाबा में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस आरोपी के दुकान में जाकर रेड कार्रवाई कर उसके कब्जे से 52 पौवा शराब कीमती 6240 रुपए को जब्त कर पूछताछ किया गया, जो जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

आरटीई के तहत प्रवेश, समय-सारिणी जारी

राजनांदगांव। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा ऑनलाइन आरटीई के माध्यम से निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 अंतर्गत 2027-28 हेतु निजी विद्यालयों में प्रवेश की कार्रवाई के संबंध में समय-सारिणी जारी की गई है। आगामी शिक्षा सत्र 2027-28 में विद्यालयों में प्रवेश की कार्रवाई संपन्न कराई जाएगी। इसके अंतर्गत स्कूल प्रोफाईल अपडेट, नया स्कूल रजिस्टेशन, हेबिटेशन मैपिंग का कार्य 2 से 25 नवंबर तक किया जाएगा। नोडल प्राचार्य, डीईओ द्वारा स्कूल प्रोफाईल का सत्यापन एवं सीट प्रकटीकरण का कार्य 2 से 28 नवंबर तक किया जाएगा। प्रवेश हेतु छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन 1 से 31 दिसंबर तक लिया जाएगा। नोडल प्राचार्य द्वारा दस्तावेज का सत्यापन एवं आवेदनों में कमी होने पर आवेदनों से आवश्यक संशोधन 1 दिसम्बर 2026 से 7 जनवरी 2027 तक कराया जाएगा। राज्य स्तर से जिलावार लॉटरी का कार्य 11 जनवरी एवं 12 जनवरी 2027 को किया जाएगा। चयनित आवेदनों का दाखिला 14 जनवरी से 10 फरवरी 2027 तक किया जाएगा।

परिणामों ने कांग्रेस को दिखाया आईना- कोमल

राजनांदगांव। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने देशभर में हुए विधान परिषद चुनावों के परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते मतदाताओं के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इन परिणामों ने कांग्रेस के वोट चोरी के आरोपों और उसके द्वारा देश में बनाए जा रहे नकारात्मक राजनीतिक माहौल को करारा जवाब दिया है। कांग्रेस को जनता ने आईना दिखाते उसके आरोपों की राजनीति को नकार दिया है।

श्री राजपूत ने कहा कि प्राप्त परिणामों के अनुसार उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और बिहार में संपन्न चुनाव में कांग्रेस 28 सीटों पर अपना खाता तक नहीं खोल पाई। जबकि भाजपा ने 22 सीटों पर चुनाव लड़ते 14 सीटों पर शानदार सफलता हासिल की है। यह परिणाम भाजपा के प्रति जनता के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही विकास एवं जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति समर्थन को दर्शाते हैं।

कृषि विभाग ने किया अलर्ट, कटी फसल को ढंककर रखने की सलाह

अर्नब के असर से बारिश शुरू होते ही किसानों ने रोकी फसलों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बंगाल की खाड़ी में विकसित चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के संभावित प्रभाव और जिले में बारिश की आशंका को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की कृषि मौसम सलाह के अनुरूप धान सहित दलहन, तिलहन, उद्यानिकी फसलों और पशुधन की सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

कृषि विभाग ने किसानों से कहा है कि आगामी दो से चार दिनों तक मौसम की स्थिति को देखते हुए पक चुकी धान, दलहन और तिलहन फसलों की कटाई फिलहाल टालें। पहले से काटी गई फसल को सुरक्षित, सूखे और ढंके स्थान पर रखें तथा खलिहान में रखी उपज को तिरपाल से ढंककर सुरक्षित करें। खेतों में जल निकासी की व्यवस्था दुरूस्त रखने की भी सलाह दी गई है, ताकि बारिश होने पर जलभराव से फसल को नुकसान न पहुंचे।

1.42 लाख हेक्टेयर फसल का बीमा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2026 में जिले में कुल 1,42,283.89 हेक्टेयर क्षेत्र का फसल बीमा पंजीयन हुआ है। इसमें धान सिंचित का 29,931.56 हेक्टेयर और धान असिंचित का 1,11,776.50 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है। इसके अलावा सोयाबीन 504.01, अरहर 64.30, कोदो-कुटकी 4.19 और उड़द 3.33 हेक्टेयर क्षेत्र का बीमा हुआ है।



पशुओं को खुले में न बांधे

किसानों से पशुओं को सुरक्षित और सूखे स्थान पर रखने कहा गया है। उन्हें पेड़ों के नीचे अथवा खुले स्थान पर नहीं बांधने तथा पर्याप्त सूखा चारा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की सलाह दी गई है।

फसल क्षति पर 14447 पर दें सूचना

प्राकृतिक आपदा या प्रतिकूल मौसम से फसल क्षति होने पर किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की कृषि रक्षक हेल्पलाइन 14447 पर सूचना दे सकते हैं। किसानों से क्षतिग्रस्त फसल की तस्वीरें और संबंधित दस्तावेज सुरक्षित रखने तथा निर्धारित समय-सीमा में बीमा कंपनी, कृषि विभाग के मैदानी अमले अथवा संबंधित कृषि अधिकारी को सूचना देने कहा गया है।

बुवाई न करें किसान

विभाग ने लता वाली सब्जियों, केले और फलदार पौधों को आवश्यकतानुसार सहारा देने तथा बारिश के दौरान कीटनाशक और कवकनाशक का छिड़काव नहीं करने कहा है। रबी फसलों की बुवाई खेत की नमी और मौसम की स्थिति अनुकूल होने पर नवंबर के प्रथम सप्ताह से शुरू करने की सलाह दी गई है।

अलर्ट रहे किसान

मौसम संबंधी कृषि कामों की योजना भारत मौसम विज्ञान विभाग की ताजा चेतावनियों को लेकर किसानों को अलर्ट किया गया है।

- टीकम सिंह ठाकुर, डीडीए

एक लाख किसानों को बीस करोड़ रुपए का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 30 अक्टूबर को गुजरात राज्य के बनासकांठा से आधार बेस्ड भुगतान प्रणाली के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 24वीं किस्त का हस्तांतरण किसानों के खाते में किया जाएगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 24वीं किस्त के रूप में जिले के 101106 किसानों को 20 करोड़ 65 लाख रुपए मिलेगा। शासन के निर्देशानुसार 30 अक्टूबर को किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला एवं विकासखंड स्तर में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं विकासखंड कार्यालय, पंचायत मुख्यालय, प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, मंडी सहित अन्य स्थानों पर लाभार्थी किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेब कास्ट के माध्यम से किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा कृषकों से किसान उत्सव दिवस को सफल बनाने कार्यक्रम दिवस पर मोबाइल, लेपटॉप से लिंक के माध्यम से एवं निकटतम कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत अपनी आजीविका के लिए केवल कृषि फार्म पर निर्भर रहने वाले देश के लघु, सीमांत एवं दीर्घ कृषकों को वर्षभर कृषि फार्म में कोई भी आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़े इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए किसानों को हर 3 माह में 2000 रुपए वर्ष में कुल 6000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

गाय को राज्य माता घोषित करने ज्ञापन

राजनांदगांव। गौ-हत्या के मामले को लेकर सभी जाति व समाज के लोगों में आक्रोश है। लगातार आरोपियों के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की जा रही है। इसी बीच आज ब्राह्मण समाज द्वारा शहर में रैली निकाली गई और गौ-हत्या से जुड़े मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करते आरोपियों को फांसी देने नारेबाजी की गई। ब्राह्मण समाज के लोगों ने एसडीएम और कलेक्टोरेट कार्यालय का घेराव करते इस पूरे मामले में आक्रोश जताया। वहीं गाय को राज्य माता घोषित करने प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

शहर के गौरीनगर क्षेत्र में गौ-हत्या का मामला सामने आने के बाद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते उन्हें फांसी देने की मांग को लेकर ब्राह्मण समाज के लोग दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर चौक के समीप एकत्रित हुए और यहां से उन्होंने रैली निकाली। वहीं एसडीएम कार्यालय पहुंचकर इस पूरे मामले में विरोध जताया और गौ-हत्या से जुड़े आरोपियों को फांसी देने मांग की।

गौमाता में समाज की आस्था



गौमाता के संरक्षण और गौ-हत्या के विरोध को लेकर आयोजित की गई इस रैली के दौरान ब्राह्मण समाज के लोगों ने कहा कि गौमाता में देवी-देवताओं का वास है। इससे हमारी आस्था जुड़ी हुई है। ऐसे में गौ-हत्या होने से पूरे समाज को गहरा आघात लगा है और धार्मिक भावनाएं आहत हुई है।

मुख्य सरगना को गिरफ्तार करने मांग

ब्राह्मण समाज के आचार्य रघुनाथ प्रसाद पांडे सहित अन्य ने कहा कि गौ-हत्या से जुड़े इस मामले में मुख्य सरगना तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है। उन्होंने इस पूरे मामले में मुख्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने मांग की है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार से गौमाता को राज्य माता घोषित करने ज्ञापन भी सौंपा है।

शादी का झांसा देकर कुकर्म

राजनांदगांव। नाबालिग को शादी का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता द्वारा थाना डोंगरगढ़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि फरवरी 2026 में एक पारिवारिक शादी समारोह के दौरान उसकी पहचान आरोपी पवन वर्मा से हुई थी। इसके बाद आरोपी मोबाइल फोन के माध्यम से पीड़िता से बातचीत करने लगा तथा उसे प्रेम एवं शादी करने का झांसा देने लगा। 10 जून को आरोपी उसे अपने साथ जुनवानी स्थित अपने घर ले गया, जहां अपने परिजनों के समक्ष पीड़िता की उम्र 18 वर्ष बताकर शादी कर ली। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। 3 जुलाई को आरोपी पवन वर्मा उसे अपने साथ नागपुर ले गया, जहां भी उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। 10 अगस्त को आरोपी उसे वापस जुनवानी लेकर आया तथा कुछ दिनों बाद उसे छोड़कर नागपुर चला गया। इसके पश्चात पीड़िता ने अपने माता-पिता को पूरी घटना की जानकारी दी। 27 अक्टूबर को पीड़िता थाना डोंगरगढ़ पहुंची और आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत पर आरोपी पवन वर्मा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2), 87, 64(2)(एम), 351(3), 115(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4 एवं 6 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

आरोपी गिरफ्तार

पुलिस टीम द्वारा आरोपी पवन वर्मा 20 वर्ष निवासी जुनवानी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे 28 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

शरद पूर्णिमा पर प्रेस क्लब में बही साहित्य की काव्य धारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रेस क्लब में शरद पूर्णिमा का पर्व सुर-संगीत व काव्य धारा का आयोजन हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रेस क्लब के संरक्षक व वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक दीपक बुद्धदेव, सीएल जैन सोना, पुरुषोत्तम तिवारी, विनेश चोपड़ा के संरक्षकत्व एवं राजगामी संपदा के अध्यक्ष पूर्णिमा साहू के मुख्य आतिथ्य व समाजसेवी शारदा तिवारी के विशेष आतिथ्य में आयोजित शरद पूर्णिमा के कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। तत्पश्चात कवि-साहित्यकारों व लोक कलाकारों सहित पत्रकारों ने कला/साहित्य एवं उद्बोधन के पुष्प अर्पित किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा व कवि प्यारेलाल देशमुख के मां सरस्वती वंदन गान से शुरू हुआ। इसके बाद कवयित्री सोनिया नायडू द्वारा श्री गणेश वंदना की गई। इस दौरान गायिका प्रज्ञा गुप्ता ने छत्तीसगढ़ी राज्यगीत का गान किया।कार्यक्रम को संबोधित करते संरक्षक श्री बुद्धदेव ने कहा कि पत्रकारिता के साथ साहित्य का समावेश होने से समाचार में सकारात्मकता आती है। मानसिंह ने भजन सुनाकर लोगों का दिल जीता। पुरषोत्तम तिवारी ने सुमधुर भजन सुनाया। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रेस क्लब अध्यक्ष सचिन अग्रहरि व सचिव अनिल त्रिपाठी व साहित्यिक सांस्कृतिक सचिव आत्माराम कोशा व शुभम उपाध्याय द्वारा संरक्षकों व अतिथियों का सम्मान किया गया। उक्ताशय की जानकारी सचिव अनिल त्रिपाठी द्वारा दी गई।





खबर संक्षेप

अर्नब चक्रवत से मंडराया खतरा किसानों की बढ़ी चिंता



कोलेगांव। प्रदेश में मौसम के बदले मिजाज और चक्रवाती मौसम की आशंका के बीच किसानों की चिंता बढ़ गई है। विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, मोहतरा कला, कंझेटा, बसनी, भगतपुर, धनेली, कुण्डा और दामापुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश शुरू होने से किसानों को धान की फसल खराब होने का डर सताने लगा है। बताया जाता है कि क्षेत्र के कई किसानों की धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है, जबकि कई खेतों में धान की बालियां निकलने के बाद फसल पकने की स्थिति में है। ऐसे में यदि लगातार बारिश, तेज हवाएं, आंधी-तूफान या अन्य प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियां बनती हैं, तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि कई खेतों में धान की फसल कटाई के लिए तैयार है, वहीं अनेक किसान जल्द ही कटाई शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। यदि इसी दौरान तेज बारिश होती है, तो खेतों में खड़ी फसल गिर सकती है और कटाई के बाद खेतों में रखी धान की फसल भी प्रभावित हो सकती है। इससे उपज की गुणवत्ता और किसानों की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ने की आशंका है।

सेवा संकल्प अभियान की ग्रामीण महिलाएं कर रहीं ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य

कवर्धा। सेवा संकल्प अभियान द्वारा क्लीन एनर्जी ग्रीन एनर्जी की थीम पर तेजी से कार्य हो रहे हैं। साथ ही बढ़ते विद्युत मांग के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा सुलभ और किफायती विकल्प बनकर तेजी से उभरा है। सोलर पैनल से 24 घंटे विद्युत आपूर्ति ने सभी को प्रभावित किया है और बाजार में इसकी मांग को बढ़ाया है।

विदेशी पर्यटकों को लुभा रहा कबीरधाम का बीरन हस्तशिल्प कला

■ अमेरिका से पहुंचे पर्यटक बीरन कला देखने और सीखने, बैगा शिल्पकार श्रीबाई के हुनर की कमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के कबीरधाम जिले की अनूठी पारंपरिक कला बीरन हस्तशिल्प अब विदेशी पर्यटकों को भी आकर्षित कर रही है। प्राकृतिक संसाधनों से जुड़ी विशिष्ट कला को करीब से देखने, इसकी बारीकियों को समझने और स्वयं बनाने सीखने के लिए अमेरिका से पर्यटक पहुंचे।

इस दौरान बैगा समुदाय की महिला हस्तशिल्पकार श्रीबाई बैगा ने अपने पारंपरिक हुनर का प्रदर्शन किया और पर्यटकों को बीरन हस्तशिल्प बनाने की प्रक्रिया सिखाई। कबीरधाम की पहचान बीरन कला के प्रति विदेशी पर्यटकों की रुचि स्थानीय परंपराओं और आदिवासी महिलाओं के पारंपरिक ज्ञान की विशेषता को सामने लाती है।

श्रीबाई बैगा के हाथों से तैयार होने वाले बीरन के आभूषण पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। बीरन हस्तशिल्प को व्यापक पहचान दिलाने और बैगा समुदाय की कला को नए लोगों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। घांस से तैयार की गई माला ने पर्यटकों को स्थानीय हस्तनिर्मित उत्पादों की विशिष्टता से परिचित कराया। पर्यटकों ने बीरन की माला और अन्य हस्तशिल्प को करीब से देखा तथा यह जानने में रुचि दिखाई कि सामान्य दिखाई देने वाली घांस से इतनी सुंदर और आकर्षक कलाकृतियां बनाई जाती हैं। श्रीबाई बैगा बीरन हस्तशिल्प के माध्यम से बैगा महिलाओं के हुनर और पारंपरिक कला को पहचान दिलाने का प्रयास कर रही हैं।

श्रीबाई बैगा के हुनर से महिलाओं के लिए खुल रही नई राह

श्रीबाई बैगा ने सिखाई बीरन हस्तशिल्प की कला

श्रीबाई बैगा ने पर्यटकों के सामने बीरन हस्तशिल्प तैयार करने का प्रदर्शन किया। उन्होंने घांस से आभूषण बनाने की प्रक्रिया और उसमें आवश्यक हाथों के कौशल से परिचित कराया। पर्यटकों ने उन्हें काम करते हुए देखा और स्वयं भी बीरन हस्तशिल्प बनाने का अभ्यास किया। पर्यटकों को तैयार उत्पाद देखने के साथ-साथ उसे बनाने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव भी मिला। पारंपरिक कला को अपने हाथों से सीखना उनके लिए एक नया और रोचक अनुभव रहा। बीरन हस्तशिल्प केवल एक वस्तु के रूप में नहीं, बल्कि बैगा समुदाय की परंपरा, रचनात्मकता और प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली के प्रतीक के रूप में सामने आया। श्रीबाई बैगा का प्रयास है कि पारंपरिक कला को जीवंत बनाए रखने के लिए उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ नए लोगों से परिचित कराना है। विदेशी पर्यटक किसी स्थानीय महिला शिल्पकार से सीधे कला सीखते हैं, तो उनके माध्यम से उस कला की कहानी और सांस्कृतिक महत्व को व्यापक स्तर पर पहचान मिलने की संभावना बढ़ती है।



दुर्लभ घांस से बनते हैं आकर्षक श्रृंगार आभूषण

बीरन हस्तशिल्प कबीरधाम जिले की विशिष्ट पारंपरिक कलाओं में से एक है। इसमें सूताखड़ घांस के उपयोग करके हाथों से श्रृंगार सामग्री और आकर्षक आभूषण तैयार किए जाते हैं। इस कला में स्थानीय प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग, पारंपरिक ज्ञान और शिल्पकारों का अनुभव महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बैगा समुदाय की महिलाओं के पास प्रकृति और जंगल से जुड़े पारंपरिक ज्ञान की समृद्ध विरासत है। बीरन हस्तशिल्प इसी विरासत का एक सुंदर उदाहरण है। घांस को सावधानीपूर्वक आकार देकर उपयोगी और आकर्षक उत्पाद तैयार करना धैर्य, अभ्यास और कुशल हाथों का काम है।

बैगा जनजाति के जमीन पर कब्जे बर्दाश्त नहीं: ईतवारी मछिया

26 एकड़ कृषि भूमि पर कब्जे और धान कटाई का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

आदिम जाति बैगा समाज छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष ईतवारी राम मछिया ने बैगा समुदाय की जमीन पर कथित कब्जे और जमीन हड़पने के प्रयासों के विरुद्ध कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

बताया जाता है कि पूरा मामला ग्राम पंचायत चियाडांड निवासी कामदार बैगा की कृषि भूमि से संबंधित है। बैगा समाज द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पंडरिया को लिखित आवेदन सौंपकर लगभग 26.89 एकड़ कृषि भूमि के संबंध में शिकायत की गई है।

आवेदन में भूमि के दस्तावेज उपलब्ध होने का उल्लेख करते हुए संबंधित व्यक्तियों द्वारा खेत पर कब्जा करने तथा धान की फसल काटने के आरोप लगाए गए हैं। आवेदन के अनुसार 23 अक्टूबर को मोहन, मुन्ना और जोगी नामक व्यक्तियों द्वारा खेत में धान काटने का आरोप है। शिकायत में विरोध करने पर गाली-गलौज और धमकी देने की बात भी कही गई है। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि पुलिस को सूचना देने और समझाइश दिए जाने के बावजूद 24 अक्टूबर को संबंधित व्यक्तियों द्वारा दोबारा खेत में पहुंचकर धान काटने का प्रयास किया गया। समाज ने इन आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। बैगा समाज ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि मामले में उचित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। ज्ञापन सौंपने समाज प्रमुख उपस्थित थे। जिसमें बड्डु सिड़या समाज प्रमुख, गौठु बरंगिया प्रदेश सलाहकार, सेमलाल पड़िया जिला उपाध्यक्ष सहित समाज के पदाधिकारियों शामिल थें।

बैगा समाज ने दी एकजुट आंदोलन की चेतावनी



प्रदेशाध्यक्ष ईतवारी राम मछिया ने कहा कि बैगा समुदाय की जमीन, सम्मान और अधिकारों की रक्षा समाज की प्राथमिकता है। किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा बैगा परिवारों की जमीन हड़पने अथवा उस पर अवैध कब्जा करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील किया कि आवेदन में प्रस्तुत भूमि संबंधी दस्तावेजों और शिकायत के सभी तथ्यों की जांच कर समयबद्ध कार्रवाई की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कदम उठाए जाएं। उन्होने स्पष्ट कहा कि भविष्य में बैगा समुदाय के किसी भी व्यक्ति की जमीन पर कब्जा करने या उसे हड़पने का प्रयास किया गया, तो पूरा बैगा समाज एकजुट होकर आंदोलन करेगा। समाज अपने अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संघर्ष करने के लिए तैयार है।

अंतर्राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में अंशिका ने जीता रजत पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा की कक्षा सातवीं की प्रतिभाशाली छात्रा अंशिका चंद्रवंशी ने अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। अंशिका ने प्रतियोगिता में दो रजत पदक अर्जित कर अपनी खेल प्रतिभा, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया।

विगत दिनों 3 अक्टूबर को भिलाई महिला महाविद्यालय में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में नेपाल, भारत और भूटान के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस प्रतिस्पर्धा में अंशिका चंद्रवंशी ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए काटा और कुमिते दोनों स्पर्धाओं में रजत पदक अपने नाम किए। 55 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए अंशिका ने तकनीक, एकाग्रता, आत्मविश्वास और खेल भावना का परिचय दिया। उनकी यह उपलब्धि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत का परिणाम है।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने अंशिका चंद्रवंशी को अंतर्राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा में दो रजत पदक प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दीं।

वहीं अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही शोभा ने छात्रा अंशिका चंद्रवंशी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और संघर्ष करने की भावना विकसित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेकर दो रजत पदक प्राप्त करना अंशिका की मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

कानून जानो, बचपन बचाओ कार्यक्रम में छात्राओं को बताए सुरक्षा के उपाय



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और सुरक्षित भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम (छत्तीसगढ़) के सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम के सचिव अमन तिग्गा एवं प्रथम सिविल न्यायाधीश कवर्धा गौरव महिलांग उपस्थित थें। विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत कियां। न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बाल अधिकार, बाल शोषण, बाल विवाह, महिला सुरक्षा तथा साइबर अपराध से बचाव के संबंध में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने गुड टच-बैड टच, अनुचित स्पर्श, अश्लील शब्दों, अभद्र टिप्पणियों और असहज करने वाले व्यवहार के प्रति सतर्क रहने की सीख दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रश्न पूछकर यह समझने का प्रयास किया कि किसी व्यक्ति का व्यवहार अनुचित होने पर उसकी पहचान कैसे करें और ऐसी स्थिति में क्या कदम उठाएं। ऐसी परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए किसी विश्वसनीय शिक्षक,अभिभावक या अन्य जिम्मेदार व्यक्ति को तुरंत जानकारी देनी चाहिए।

विद्यालय संचालक पवन देवांगन एवं सारिका देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानून के प्रति जागरूक बनाना भी आवश्यक है। परिवार,विद्यालय और समाज के सामूहिक प्रयासों से ही बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सकता है। उक्त जानकारी अशोक कुमार इनवाती द्वारा दी गई।

झलमला में कन्या भोज व न्योता भोज आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

झलमला के स्व. ढेलऊ सिंह चंद्रवंशी एवं स्व. श्रीमती गोदावरी बाई चंद्रवंशी की स्मृति शारदीय नवरात्रि के छठ्ठी तिथि को विगत दिनों शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झलमला प्रथम बार एक साथ कन्या भोज एवं न्योता भोज का भव्य आयोजन किया गया।

जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झलमला, सरस्वती शिशु मंदिर, हाई स्कूल झलमला, खपरी, घिरघोसा, गोपालभवना, कोलिहा नवागांव, लघान के समस्त छात्र-छात्राओं एवं संकुल शिक्षक स्टाफ के साथ संबंधित गांव के समस्त सरपंच एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां दुर्गा के पूजा अर्चना एवं श्रृंगार के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम खपरी के सरपंच श्रीमती पद्मा चन्द्रवंशी के दादा-दादी के स्मृति में किया गया। कार्यक्रम की आयोजनकर्ता बीएस चंद्रवंशी (पूर्व प्राचार्य), श्रीमती अरूणा देवी चंद्रवंशी, विष्णु चंद्रवंशी (अधिवक्ता) एवं उनके पूरे परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थें। देवी स्वरूपा नौ कन्या का विधि विधान से पूजन अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। तत्पश्चात अन्य 501 कन्याओं का देवी स्वरूप में पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया गया। वहीं बालिकाओं को आयोजनकर्ता विष्णु चंद्रवंशी द्वारा बच्चों कोपेंसिल, पेन, चाकलेट आदि भेंट किया।

इस कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह राजपूत शिक्षक द्वारा किया गया। बालिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान शिक्षक सतीश निषाद, मुकेश साहू, श्रीमती सुरेखा चंद्रवंशी, अरविंद निर्मलकर एवं संकुल समन्वयक सुरेश कुर्रे का सहयोग सराहनीय रहा।

सामुदायिक केन्द्र में निःशुल्क इको कार्डियोग्राफी जांच शिविर आयोजित

■ 20 बच्चों को ऑपरेशन हेतु किया गया चिन्हांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आदेशानुसार रायपुर स्थित सत्य साईं हॉस्पिटल के द्वारा बच्चों के लिए निःशुल्क ईको कार्डियोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत जिले के 41 बच्चों का पंजीयन कर उनकी ईको कार्डियोग्राफी जांच की गई। जांच के उपरांत 20 बच्चों को हृदय रोग के ऑपरेशन हेतु चिन्हांकित किया गया।



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, अनुदान प्राप्त विद्यालयों, आवासीय विद्यालयों, आश्रमों एवं छात्रावासों में अध्ययनरत बच्चों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की चिरायु दलों के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाती है। चिरायु दलों द्वारा वर्ष में एक बार सभी विद्यालयों तथा वर्ष में दो बार आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर बच्चों की स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं आवश्यक उपचार प्रदान किया जाता है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को आगे की जांच एवं उपचार के लिए चिरायु वाहनों के माध्यम से शासन द्वारा अनुबंधित शासकीय एवं निजी अस्पतालों में भेजा जाता है। आवश्यकता अनुसार छत्तीसगढ़ शासन से अनुबंधित राज्य के बाहर के अस्पतालों में भी बच्चों के उपचार एवं ऑपरेशन की व्यवस्था की जाती है।

शिविर में बाल हृदय रोग विशेषज्ञ (पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट) डॉ योगेश साठे ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर डॉ योगेश साठे ने बच्चों में हृदय रोग के संभावित लक्षणों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शिशुओं एवं छोटे बच्चों में दूध पीने के दौरान जल्दी थक जाना, हांफना, अधिक पसीना आना, होंठ या नाखूनों का नीला पड़ना, वजन नहीं बढ़ना तथा आराम की स्थिति में भी तेज सांस चलना हृदय रोग के संकेत हो सकते हैं।

उन्होंने बताया कि बड़े बच्चों एवं किशोरों में थोड़ी शारीरिक गतिविधि करने पर सांस फूलना, अत्यधिक थकान एवं सुस्ती, व्यायाम के दौरान सीने में दर्द या भारीपन, खेलते समय चक्कर आना अथवा बेहोशी और दिल की धड़कन असामान्य रूप से तेज होना जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों, युवाओं व नागरिकों ने लिया हिस्सा

सरदार पटेल जयंती पर एकता दौड़

हरिभूमि न्यूज : कवर्धा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में जिलेभर में विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को प्रातः 6:30 बजे शहर के स्वामी करपात्री जी ग्राउंड में एकता दौड़ का आयोजन किया गया।



इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता के प्रति जनमानस को जागरूक करना तथा सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना रहा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय आशीष शुक्ला व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अजाक/ क्राइम प्रशांत देवांगन एवं रक्षित निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह के दिशा-निर्देशों में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के आम नागरिकों, स्वामी विवेकानंद एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों तथा पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के माध्यम से प्रतिभागियों ने राष्ट्र की एकता, आपसी भाईचारे और देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल द्वारा उपस्थित युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम सरदार वल्लभभाई पटेल के ऐतिहासिक योगदान का उल्लेख किया गया।

उन्होने कहा गया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देशी रियासतों के एकीकरण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उनके दृढ़ नेतृत्व, दूरदर्शिता और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने भारत को एक सूत्र में पिरोने तथा राष्ट्रीय एकता को मजबूत आधार प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। इसी असाधारण योगदान के कारण उन्हें लौह पुरुष के रूप में स्मरण किया जाता है।



खबर संक्षेप

मतदाता सूची में नाम जोड़ने कार्यक्रम आयोजित



स.लोहारा। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में आज मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु दिशा-निर्देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला निर्वाचन कार्यालय एवं स्वीप योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ऐसे 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है परन्तु किन्ही कारणों से उनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने के महत्व को समझाया तथा वोटर हेल्पलाइन एप एवं वोटर्स पोर्टल पर फार्म-6 भरने की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिया। कार्यक्रम में मौके पर ही 38 विद्यार्थियों ने फॉर्म-6 भरा। प्राचार्य महोदय ने सभी नव मतदाताओं को लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं नैतिक मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में रसायन शास्त्र परिषद का गठन



पाण्डातराई। अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पांडातराई, जिला कबीरधाम में बुधवार को रसायन शास्त्र विभाग के अंतर्गत रसायन शास्त्र परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डीपी चन्द्रवंशी, रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. एमके त्यागी, अतिथि व्याख्याता डॉ. गजानंद साहू तथा वाणिज्य विभागाध्यक्ष एसएस श्याम सहित प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एम.एस-सी. रसायन शास्त्र के समस्त विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। परिषद के गठन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रसायन विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना तथा शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय संबंधी ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों, सेमिनार, संगोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नवीन ज्ञान अर्जित करने, प्रयोगात्मक कौशल विकसित करने तथा वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति से शैक्षणिक वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। रसायन शास्त्र परिषद का गठन महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक जागरूकता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

महाविद्यालय में रसायन शास्त्र परिषद का गठन

कवर्धा। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत कवर्धा द्वारा 29 अक्टूबर 2026 को इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, पंडरिया में 'विकसित भारत युवा संवाद रू नो योर वोट' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मतदान के महत्व और मतदाता सूची से संबंधित एसआईआर प्रणाली की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में युवा जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित कर मतदान के महत्व, मतदाता के अधिकारों तथा लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा करेंगे। इसका उद्देश्य युवाओं को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। माय भारत कवर्धा के जिला युवा अधिकारी राज पटेल ने बताया कि 'विकसित भारत युवा संवाद रू नो योर वोट' कार्यक्रम देशभर में 500 स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने, निर्वाचन प्रक्रिया की समझ विकसित करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से कार्यक्रम में सहभागिता कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की।

कलेक्टर ने कार्यालयों का किया औचक निरीक्षण

कवर्धा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने कवर्धा के एसडीएम एवं तहसील न्यायालय और पिपरिया तहसील न्यायालय का औचक निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य राजस्व मामलों के निराकरण की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समय-सीमा से बाहर हो चुके लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। विशेष रूप से एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों को प्राथमिकता देते हुए उनका शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पटवारी प्रतिवेदन के अभाव में लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देने और आवश्यक प्रतिवेदन शीघ्र प्राप्त कर मामलों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रकरणों में अनावश्यक रूप से लंबी पेशी न दी जाए तथा सुनवाई और निराकरण की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप पूरी की जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने न्यायालयों में दर्ज कुल राजस्व प्रकरणों, लंबित मामलों और सुनवाई के लिए तैयार प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित तहसीलदार से तहसीलदार न्यायालय में प्राप्त प्रकरणों, उनके निराकरण तथा लंबित मामलों के कारणों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व संबंधी कार्यों में तेजी लाने और आम नागरिकों से जुड़े मामलों का नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

लूट: 15 किलो सोने-चांदी के जेवर और डेढ़ लाख रुपए नकद लेकर आरोपी फरार

जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद, जंगल के रास्ते सराफा व्यापारी से 50 लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पुलिस प्रशासन के लाख दावों के बाद भी जिले कबीरधाम में अपराधियों के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। चोरी, लूट और अन्य आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के पुलिस प्रशासन के दावों के बीच तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र में सराफा व्यापारी से करीब 50 लाख की लूट की बड़ी वारदात सामने आई है।

मंगलवार देर शाम बाजार से कारोबार कर लौट रहे पांडातराई निवासी सराफा व्यापारी वेदप्रकाश सोनी को दो बाइक पर सवार छह बदमाशों ने निशाना बनाया। आरोपियों ने डंडे से हमला कर उनकी बाइक रुकवाई, मारपीट की और जेवरात व नकदी से भरा थैला लेकर फरार हो गए। इस घटना ने जिले की कानून व्यवस्था और ग्रामीण मार्गों पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित व्यापारी वेदप्रकाश सोनी अलग-अलग बाजारों में जाकर सोने-चांदी के जेवरों का कारोबार करते हैं।

मंगलवार देर शाम वह दलदली जंगल के रास्ते बाजार से लौट रहे थे। इसी दौरान तरेगांव जंगल थाना से करीब एक किलोमीटर दूर मछरी रेवार के पास घात लगाए बैठे छह बदमाशों ने उनकी बाइक रोक ली। अचानक हुए हमले में व्यापारी संभल नहीं पाए। आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और थैले में रखे जेवरात व नकदी लूटकर फरार हो गए। व्यापारी के अनुसार, लूटे गए सामान में करीब 15 किलो सोने-चांदी के जेवर और डेढ़ लाख रुपये नकद शामिल हैं। कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपए बताई गई है।



कालपनिक फोटो

पुलिस के दावों पर भारी पड़ रही वारदातें

जिले में आपराधिक, असामाजिक और शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के बावजूद इस तरह की बड़ी वारदातें पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं। सवाल यह भी है कि यदि अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है, तो फिर वे इतनी बड़ी लूट को अंजाम देकर आसानी से फरार कैसे हो जाते हैं? जंगल और ग्रामीण मार्गों पर व्यापारियों की सुरक्षा के लिए क्या पर्याप्त इंतजाम हैं? वारदात के बाद अपराधियों की धरपकड़ के भरोसे से आगे बढ़कर पुलिस को ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी रणनीति भी दिखानी होगी।

जिले की सुरक्षा व कानून व्यवस्था पर उठ रही उंगली

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। हालांकि, इतनी बड़ी लूट की वारदात ने आम नागरिकों और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। गृह मंत्री के गृह जिले में अपराधियों की ऐसी बेखौफ गतिविधियां पुलिस प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती हैं। क्योंकि जिले में इस तरह की यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी इस तरह से सूनसान ईलाकों में व्यापारियों व किसानो से लूटपाट हो चुकी है। इसके अलावा जिले में चोरी-चकारी, उठाई गिरी, ठगी के मामले भी लगातार बढ़ रहे हैं। जिससे जिले की कानून व्यवस्था पर लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में आरोपियों को कितनी जल्दी गिरफ्तार करती है और जिले में लगातार सामने आ रही चोरी-लूट की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्या ठोस कदम उठाती है।

किराना दुकान में चोरी का फरार आरोपी किया गया गिरफ्तार, स. लोहारा पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭स.लोहारा

सहसपुर लोहारा थाना पुलिस ने किराना दुकान में चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी अमन निषाद उर्फ गदालू निषाद आयु 18 वर्ष को 27 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कवर्धा के वार्ड क्रमांक 27 स्थित पिलारी नहर, सिमरनढाबा के पास का निवासी है।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सहसपुर लोहारा निवासी हमीद खान आयु 32 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 26 अगस्त 2026 की रात करीब 9 बजे से 27 अगस्त की सुबह 7 बजे के बीच अज्ञात आरोपियों ने उसकी किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी दुकान से 10 हजार रुपये नकद और अन्य



सामग्री चोरी कर ले गए थे। चोरी गई नकदी और सामग्री की कुल कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई थी।

शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 132/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305, 331(4) एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान बोड़ला थाना क्षेत्र की पोड़ी चौकी में दर्ज चोरी के एक अन्य मामले में संदेही रवि सारथी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर सहसपुर लोहारा की दुकान में भी चोरी करने की जानकारी सामने आई। पुलिस के अनुसार, चोरी की नकदी और सामग्री कवर्धा निवासी राजूदास कांटले एवं सोहेल खान के पास बेचने की बात भी सामने आई।

रवि सारथी की निशानदेही पर राजूदास कांटले द्वारा पेश की गई चोरी की सामग्री जब्त की गई। इस मामले में पुलिस पहले ही रिंकू साहू आयु 18 वर्ष निवासी नया बस स्टैंड, जुनवानी रोड, कवर्धा और रवि सारथी आयु 20 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 27, नवीन बाजार, कवर्धा को गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भी उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई। मामले में फरार अमन निषाद की तलाश के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध बीएनएस की धारा 305, 331(4), 3(5), 317(2) एवं 317(5) के तहत कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में सहसपुर लोहारा पुलिस टीम ने कार्रवाई की।

आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान हेल्पलाइन नम्बर पर



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा शहर के गली-मोहल्लों में आवारा कुत्तों की समस्या के निराकरण हेतु नागरिकों से हेल्पलाइन पर सूचना देने की अपील की गई है।

यदि आपके वार्ड, गली या मोहल्ले में आवारा कुत्तों के कारण आम नागरिकों, बच्चों या बुजुर्गों को असुविधा या खतरा महसूस हो रहा है, तो तुरंत राज्य स्तरीय टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1100 (निदान) पर संपर्क कर अपना नाम व पूरा पता दर्ज कराएं। शिकायत मिलते ही नगर पालिका की टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी असुविधा की स्थिति में तत्काल 1100 पर कॉल कर समाधान प्राप्त करें।

सरोधा बांध में आबकारी विभाग ने की कार्रवाई, 2 प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी पर रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा लगातार गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सरोधा बांध के ऑक्सीजन जोन क्षेत्र में गश्त कर आबकारी अधिनियम के तहत दो प्रकरण दर्ज किए हैं।

आबकारी विभाग की टीम द्वारा संबंधित क्षेत्र में निगरानी रखी जा रही है, ताकि अवैध मदिरा के विक्रय एवं शराबखोरी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। कार्रवाई के दौरान आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, च, 34(2) एवं धारा 36(च) के तहत दो प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

विभाग द्वारा सरोधा बांध के ऑक्सीजन जोन क्षेत्र सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त कर निगरानी की जा रही है। अवैध मदिरा के विक्रय एवं सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मदिरा के कारोबार एवं शराबखोरी पर रोक लगाने के लिए गश्त और निगरानी की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

जनगणना के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का आयोजन

- समय-सीमा में जिम्मेदारी पूर्वक कार्य पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना कार्य को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दो बैचों में आयोजित इस प्रशिक्षण में संबंधित चार्ज अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली तथा दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में सभी



कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका अहम है।

सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में व्यवस्थित एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके। प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय प्रशिक्षक बलवंत सोमकुंवर ने जनगणना से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप जनसंख्या गणना कार्य संपन्न करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई।

साथ ही जनगणना कार्य के दौरान प्रक्रियाओं का सही तरीके से पालन करने और अपने दायित्वों को समझकर कार्य करने पर जोर दिया। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का उपयोग करते हुए जनगणना कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न कराएं। उन्होंने इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने और सभी निर्धारित गतिविधियों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

केंद्रीय कर्मचारियों की मंहगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धिः टीचर्स एसोसिएशन

केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ते की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने केंद्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि का स्वागत करते हुए राज्य शासन से समान लाभ की मांग किया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि केंद्र सरकार ने एक जुलाई 2026 से महंगाई भत्ते को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 63 प्रतिशत कर दिया है, जिसे अब छत्तीसगढ़ में भी तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। छग के कर्मचारियों को वर्तमान में 58 प्रतिशत ही मँहगाई भत्ता मिल रहा है, जिससे वे अब केन्द्रीय कर्मचारियों से 5 प्रतिशत पीछे हो गए हैं।

उन्होंने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त किया कि प्रदेश के अधिकारी-कर्मचारियों को वर्ष 2019 से निरंतर केंद्र के समान देय तिथि से वंचित रखा जा रहा है। वर्तमान व्यवस्था के तहत राज्य सरकार द्वारा केन्द्र की घोषणा के सात-आठ माह बाद भत्ता प्रदान किया जाता है, जिसके चलते प्रत्येक कर्मचारी को सालाना बीस से पच्चीस हजार रुपए का भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, रविन्द्र चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि ने छत्तीसगढ़ शासन से आग्रह किया है कि न केवल वर्तमान वृद्धि को लागू किया जाए, बल्कि वर्ष 2019 से लंबित महंगाई भत्ते की अंतर राशि का भुगतान भी अविलंब सुनिश्चित किया जाए ताकि कर्मचारियों के हितों की रक्षा हो सके।



तीन से छः लाख तक नुकसान

मंहगाई भत्ते के एरियर्स का भुगतान नहीं होने से प्रदेश के करीब चार लाख कर्मचारियों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना प? रहा है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि 99 माह का एरियर्स नहीं मिलने से प्रत्येक कर्मचारियों को लगभग तीन से छः लाख रुपए तक का नुकसान हो रहा है। इससे कर्मचारियों के पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों पर भी आर्थिक दबाव बढ़ रहा है।

छग में 99 माह की मंहगाई भत्ता लंबित

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया की जनवरी 2017 से जुलाई 2026 तक कुल 99 माह के मँहगाई भत्ते का एरियर्स लंबित है, जिसमें जनवरी 2017 से 10 माह, जनवरी 2018 से 12 माह, जुलाई 2018 से 8 माह, जनवरी 2019 से 7 माह, कोरोना काल में 1 जुलाई 2020 एवं 1 जनवरी 2021 को मिलने वाला डीए फ्रीज, जुलाई 2021 से 10 माह, जुलाई 2023 से 8 माह, जनवरी 2024 से 9 माह, जुलाई 2024 से 8 माह, जनवरी 2025 से 8 माह, जुलाई 2025 से 7 माह, जनवरी 2026 से अब तक 10 माह एवं जुलाई 2026 से आज तक 4 माह का मँहगाई भत्ता लंबित है।

रवेली स्कूल के चार विद्यार्थियों का प्रोजेक्ट राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭बिजई

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शहीद नरेंद्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली के चार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों द्वारा तैयार दो परियोजनाओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक कवर्धा में किया गया।

इसमें कक्षा दसवीं के विद्यार्थी नरोत्तम यादव एवं शैलेन्द्र चंद्रवंशी द्वारा मार्गदर्शक शिक्षक महेंद्र कुमार श्रीवास के निर्देशन में तैयार हार्ट अटैक की समय पर पहचान एवं बचाव विषयक परियोजना का चयन सीनियर वर्ग में हुआ। वहीं, कक्षा नवमी की छात्राएं लक्ष्मी साहू एवं नीलम श्रीवास द्वारा तैयार प्राकृतिक हर्बल पदार्थों से अनाज संरक्षण विषयक परियोजना को जूनियर वर्ग में राज्य स्तर के लिए चुना गया। दोनों परियोजनाएं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की मुख्य थीम सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार के अंतर्गत खाद्य, कृषि एवं स्वास्थ्य उपविषय पर आधारित हैं। विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और अनाज संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया है।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य जोध्या राम बंजारे सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चारों विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक व्याख्याता महेंद्र कुमार श्रीवास को बधाई दी। साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं।